भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2483

06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: पीएमएफबीवाई के तहत मिर्च की फसल को शामिल करना

2483. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मिर्च की फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि नंदुरबार जिला महाराष्ट्र राज्य का सबसे बड़ा मिर्च उत्पादक जिला है और जिले में 5000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मिर्च की फसल की खेती की जाती है क्योंकि मिर्च की फसल सरकार की एक रुपये वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल नहीं है;

(ख) क्या प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रतिवर्ष मिर्च किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और 1 रुपए वाली फसल बीमा योजना में शामिल करने से राज्य के मिर्च किसानों को राहत मिलेगी;

(ग) क्या सूची में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है, उसकी स्थिति क्या है और इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>

(क) से (घ): प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में सभी फसलों को शामिल करने की परिकल्पना की गई है, चाहे वे खाद्यान्न, तिलहन, दलहन, वाणिज्यिक/बागवानी फसलें हो, बशर्ते कि पिछली उपज के पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हों और राज्य सरकार के पास योजना के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त संख्या में फसल कटाई प्रयोग करने की क्षमता हो। अन्य फसलें, जिनके लिए पिछली उपज के आंकड़े या उपज जानने के लिए फसल कटाई प्रयोगों (CCE: Crop Cutting Experiments) की वैज्ञानिक विधि उपलब्ध नहीं है, उन्हें संबंधित राज्य सरकार द्वारा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS: Restructured Weather Based Crop Insurance Scheme) के तहत अधिसूचित किया जा सकता है।

पीएमएफबीवाई के समान, आरडब्ल्यूबीसीआईएस भी सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है तथा राज्यों के लिए वैकल्पिक/स्वैच्छिक है। राज्य सरकार इन योजनाओं के तहत बीमा कंपनी का चयन, फसलों और क्षेत्रों को अधिसूचित करना तथा दावों का निपटान करने के लिए वर्तमान मौसम का मौसम डेटा प्रदान करने हेतु जिम्मेदार है । हालांकि, वर्तमान टेंडर अवधि के दौरान महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत मिर्च की फसल को अधिसूचित नहीं किया गया है।

*****